# E- Newsletter

# स्वीप संदेश


मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

February 2023 / Vol 16 Year 2

## National Voters' Day

Since 2011, National Voters' Day has been celebrated on January 25 every year, all across the country to mark the foundation day of the Election Commission of India, i.e. 25th January 1950. The main purpose of the NVD celebration is to create electoral awareness amongst citizens and encourage them to participate in the electoral process. Dedicated to the voters of the country, the National Voters' Day is also used to facilitate enrolment of voters, specially the newly eligible young voters. New voters are felicitated and handed over their Elector Photo Identity Card (EPIC) in the NVD functions held across the country.
NVD is celebrated at the national, state, district, constituency and polling booth levels, which makes it one of the largest celebrations in the country.

The theme for this year's NVD, **'Nothing Like Voting, I Vote for Sure'** is dedicated to voters which conveys individual's feeling and aspiration towards participation in the electoral process through power of their vote. The logo is designed to showcase festivity and inclusivity of the electoral process. Ashoka Chakra in the background represents the largest democracy of the world, whereas the inked finger represents participation of each and every voter of the country. The tick mark in the logo stands for informed decision making by the voter.




## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023

**1. मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत आयोग के निर्देश के आलोक में Pre-revision Activities का संचालन दिनांक 04.08.2022 से 07.11.2022 तक किया गया, जिसके तहत Rationalization/Re-arrangement of Polling Stations, Removal of Discrepancies of Demographical Similar Entries, PSE, EPICs, Improvement of Image Quality of ER, Formation of Section संबंधी कार्य संपन्न किये गये।**

**2. प्रारूप प्रकाशन के पूर्व पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के तहत देवघर में 3, धनबाद में 51. सरायकेला-खरसावां में 2 एवं राँची जिला में 16 अर्थात कुल 72 मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन किया गया। साथ ही देवघर में 2, रांची में 21 एवं सरायकेला-खरसावां में 5 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण Rationalization का कार्य किया गया।**

**3. पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 09.11.2022 को मतदाता सूची के प्ररूप प्रकाशन के साथ प्रारम्भ हुआ,जिसके तहत दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि दिनांक-09.11.2022 से 08.12.2022 तक निर्धारित थी।**

**4. पुनरीक्षण के दौरान 04 तिथियों को यथा दिनांक-12.11.2022, 13.11.2022, 19.11.2022 एवं 20.11. 2022 को विशेष कैंप का आयोजन किया गया।**



## e-EPIC ( ई-मतदाता पहचान पत्र )

e-EPIC is a portable document format(PDF) version of the EPIC which can be downloaded on mobile or in a self-printable form on the computer. A voter can thus store the card on his/her mobile, upload it on Digi locker or print it and self-laminate it. This is in addition to PCV EPIC being issued for fresh registration.

### How to Download e-EPIC ?

Citizens can download e-EPIC from https://nvsp.in

### Steps to download e-EPIC

Register/Login on NVSP


Enter EPIC Number or Form Reference Number


Verify the OTP sent on the regd mobile number

Click on Download e-EPIC

**5. पुनरीक्षण अवधि के दौरान प्रथम सप्ताह दिनांक 09.11.2022 से 15.11.2022 तक सभी Gated Communities/Apartments, द्वितीय सप्ताह दिनांक- 16.11.2022 से 22.11.2022 तक सभी सरकारी / गैर सरकारी +2 विद्यालय, तृतीय सप्ताह दिनांक 23.11.2022 से 29.11.2022 तक सभी कॉलेज / विश्वविद्यालय में साप्ताहिक कैंप का आयोजन किया गया।**

**6. समावेशी मतदाता सूची के निर्माण के दृष्टिगत Third Gender, Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs), Sex Workers, 80 आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 30.11.2022 से 06.12.2022 तक समावेशी सप्ताह (Inclusive Week) का आयोजन किया गया। समावेशी सप्ताह के दौरान दिनांक 30.11.2022 एवं 01.12.2022 को Particularly Vulnerable Tribal Groups(PVTGs) एवं दूरस्त क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह, दिनांक- 02.12.2022 को जिलान्तर्गत सभी रैन बसेरों / आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों, दिनांक-03.12.2022 को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर पात्र दिव्यांगजनों, दिनांक-04.122022 को 80+ आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों, दिनांक 05.12.2022 एवं 06:12,2022 को सभी पात्र Third Gender/ Sex Worksers का निबंधन हेतु अभियान चलाया गया।'**



7. मतदाता सूची के आंकड़े:-

क) प्ररूप प्रकाशन (09.11.2022)

राज्य की अनुमानित जनसंख्या- 41471111

मतदाताओं की संख्या- 23989481

पुरुष मतदाताओं की संख्या-12370420

महिला मतदाताओं की संख्या-11618775

थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या-286

18-19 आयु वर्ग में कुल मतदाताओं की संख्या-169018

18-19 आयु वर्ग में पुरूष मतदाताओं की संख्या-89213

18-19 आयु वर्ग में महिला मतदाताओं की संख्या-79796

18-19 आयु वर्ग में थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या-09

लिंगानुपात-939

मतदाता जनसंख्या अनुपात-57.85

ख) अंतिम मतदाता सूची के आंकड़े (05.01.2023)-

राज्य की अनुमानित जनसंख्या-41471111

मतदाताओं की संख्या-24529841

पुरूष मतदाताओं की संख्या-12608292

महिला मतदाताओं की संख्या-11921181

थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या-368

18-19 आयु वर्ग में कुल मतदाताओं की संख्या- 433774

18-19 आयु वर्ग में पुरूष मतदाताओं की संख्या-216124

18-19 आयु वर्ग में महिला मतदाताओं की संख्या-217619

18-19 आयु वर्ग में थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या-31

लिंगानुपात-946

मतदाता जनसंख्या अनुपात-59.15

झारखंड में 5 जनवरी 2023 को नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ। इससे पहले 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। इस अवधि में आम नागरिकों ने मतदाता सूची में पंजीकरण, सुधार आदि के लिए आवेदन दिया।

## मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को लेकर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन




दिनांक 5 जनवरी 2023 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को लेकर सीईओ ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिसके अनुसार झारखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 45 लाख 29 हजार 841 हो गई है। 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक चले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत वोटरों की संख्या में कुल 2.7 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।

## 23 - रामगढ़ विधानसभा में उपनिर्वाचन की घोषणा




रामगढ़ विधानसभा में होने वाले उपनिर्वाचन की तारीख का ऐलान दिनांक 18 जनवरी 2023 को किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की घोषणा के अनुसार रामगढ़ विधानसभा में 27 फरवरी को वोटिंग होगी साथ ही 2 मार्च को मतगणना की तिथि निर्धारित की गयी। उपनिर्वाचन में नामांकन के लिए 31 जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। 7 फरवरी तक नामांकन किया जा सकेगा, 8 तारीख को स्क्रुटनी की जाएगी एवं नाम वापस लेने की तिथि 10 फरवरी निर्धारित की गयी।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सभी नागरिकों से मतदान को राष्ट्र-निर्माण में अपना योगदान मानने का आग्रह किया






**राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 25 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली में 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में भाग लिया और उसे संबोधित किया। इस अवसर पर, राष्ट्रपति ने 2022 के दौरान चुनाव के संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। सरकारी मीडिया और संचार संगठनों तथा अन्य विभागों जैसे महत्वपूर्ण हितधारकों को भी मतदाता जागरूकता में उनके अमूल्य योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए।**





## "मैं भारत हूं - हम भारत के मतदाता हैं" की स्क्रीनिंग




'मैं भारत हूं, हम भारत के मतदाता हैं' गीत ECI के द्वारा तैयार किया गया है। इस गीत को फिल्म निर्माता सुभाष घई ने ही लिखा है। देशभर के कई गायकों और अभिनेताओं ने इसमें भागीदारी की है। गीत में मतदाताओं से वोट डालने और अपना संवैधानिक कर्तव्य पूरा करने की अपील की गई है। इस गीत की स्क्रीनिंग 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर किया गया। हिंदी संस्करण में प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह, कविता कृष्णमूर्ति, सोनू निगम, हरिहरन, अलका याज्ञनिक, जावेद अली, केएस चित्रा, कौशिकी चक्रवर्ती, उस्ताद राशिद खान ने अपनी आवाजें दीं हैं।
13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2023 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में इस गीत को प्रदर्शित किया गया था। इसके बाद से ही यह गाना मीडिया पर लोकप्रिय हो रहा है। इसके लॉन्च होने के एक हफ्ते के भीतर, गाने के हिंदी और बहुभाषी संस्करण को पहले ही 3.5 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है और चार प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और यूट्यूब पर 5.6 लाख इंप्रेशन मिल चुके थे।



NOTHING LIKE VOTING
I VOTE FOR SURE
NVD2023

## राज्यपाल रमेश बैस ने मतदाता दिवस पर युवाओं को मतदान के प्रति किया जागरूक






**मतदाता दिवस के अवसर पर राजधानी रांची के आर्यभट्ट सभागार में एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ विशेष तौर पर छात्र-छात्राएं और युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी ने एक साथ निष्पक्ष मतदान करने और मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने की एक साथ शपथ भी ली।**
















**इस अवसर पर माननीय राज्यपाल ने वर्ष 2022 के लिए निर्वाचन से जुड़े लोगों को बेहतर कार्य करने पर पुरस्कार भी प्रदान किए। इस कार्यक्रम में नेशनल वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में झारखण्ड से चुने गए लोगों को भी सम्मानित किया गया।**